Seventeenth Loksabha

an>

-

16.02½ hrs

माननीय अध्यक्ष : अब नियम 377 के अधीन मामले लिए जाते हैं ।
डॉ. मनोज राजोरिया ।

16.03 hrs (Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair.*)

Title: Need to develop Agra - Sawai Madhopur Road as National Highway.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर के करौली जिले में माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री द्वारा आगरा-जगनेर-बसेडी-मासलपुर-करौली-कैलादेवी-सवाई माधोपुर रोड नेशनल हाईवे की घोषणा की गई थी । यह मार्ग पर्यटन की दृष्टि से एक स्वर्णिम मार्ग निर्धारित करेगा जो कि पर्यटन के गढ़ आगरा से आरम्भ होकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं आस-पास के एक वृहद क्षेत्र में आस्था के केन्द्र कैलादेवी जिला करौली से होता हुआ रणथम्भौर सवाई माधोपुर तक जाएगा ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के करौली जिले का प्रमुख आस्था धाम कैलादेवी मध्य भारत (उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं गुजरात) में आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है जिसमें विशेष कर उत्तर प्रदेश से कम से कम 30-40 लाख लोगों सहित लगभग 50-60 लाख दर्शनार्थी प्रतिवर्ष कैलादेवी आते हैं । इसी प्रकार आगरा एवं रणथम्भौर दोनों ही पर्यटन हेतु विश्व विख्यात हैं ।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस घोषित नेशनल हाईवे को आगरा-जगनेर-बसेडी-मासलपुर करौली-कैलादेवी-सपोटरा-जीरोता-हाडौती-सवाई माधोपुर (रणथम्भौर) के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करते हुए इसके शीघ्र निर्माण कराने की कृपा करें ।